# ए.एन.टी.एफ. ने 750 कि.मी. पीछा कर डोडा-चूरा की बड़ी खेप पकड़ी

## जब्त नशीली सामग्री की कीमत 50 लाख रुपये आंकी जा रही है

**जयपुर** (कासं)। राजस्थान की एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (ए.एन.टी.एफ.) ने झारखंड से राजस्थान के रास्ते पंजाब ले जाई जा रही मादक पदार्थ की बड़ी खेप को उत्तर प्रदेश के मथुरा जिले में पकड़ा है। संयुक्त कार्रवाई में छह तस्करों को गिरफ्तार कर करीब 50 लाख रुपये का डोडा चूरा जब्त किया गया, वहीं तस्करी में प्रयुक्त ट्रक और एक कार भी कब्जे में ली गई है।

आईजी एएनटीएफ विकास कुमार ने बताया कि इस कार्रवाई को एएनटीएफ और राजस्थान सीबीएन की टीम ने संयुक्त रूप से अंजाम दिया। सीबीएन को सूचना मिली थी कि एक ट्रक में झारखंड से नशे की खेप भरकर राजस्थान के रास्ते पंजाब ले जाई जा रही है। सूचना के आधार पर टीम ने तकनीकी निगरानी करते हुए करीब 750 किलोमीटर तक पीछा किया और सुल्तानपुर तक पहुंची। टीम ने टोलकर्मी और मैकेनिक बनकर संदिग्ध वाहनों पर नजर रखी। जैसे ही नशे की खेप से भरा ट्रक एस्कॉर्ट कर रही एसयूवी के साथ फतेहपुर सीकरी टोल पर

■ पुलिस ने ट्रक-कार जब्त करके छह तस्करों को गिरफ्तार किया

पहुंचा, पुलिस की नाकाबंदी देखकर दोनों वाहन यमुना एक्सप्रेसवे की ओर मुड़ गए। पहले से सतर्क टीम ने मथुरा में घेराबंदी कर वाहनों को रोकने का प्रयास किया, लेकिन कार चालक नाकाबंदी तोड़कर भागने लगा। इस पर टीम ने फायरिंग कर कार का टायर पंक्चर कर दिया और आरोपियों को दबोच लिया।

जांच में ट्रक से तीन क्विंटल से अधिक डोडा चूरा बरामद हुआ, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 50 लाख रुपये है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 65 हजार रुपये नकद भी जब्त किए हैं। गिरफ्तार आरोपियों में पंजाब निवासी हरेंद्र सिंह, नवनीत सिंह, गुरु जीवन सिंह, मनजीत सिंह, भवानी सिंह और मणि पारस शर्मा शामिल हैं। इस संबंध में सीबीएन ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वहीं एएनटीएफ की जालौर टीम ने एक अन्य कार्रवाई में सांकड़ चौकी के पास नाकाबंदी कर एक कार से 27 किलो डोडा पोस्त बरामद कर तस्कर को गिरफ्तार किया। आरोपी आसुराम निवासी सरनाऊ (जालोर) नाकाबंदी तोड़कर भागने की कोशिश कर रहा था, जिसे पुलिस ने वाहन का टायर पंक्चर कर पकड़ लिया। पुलिस अब तस्करी के इस नेटवर्क के अन्य सदस्यों और आपूर्ति श्रृंखला की जांच में जुटी है।

## बाइक सवार बदमाश मंगलसूत्र तोड़कर फरार

**जयपुर**। राजधानी में चेन स्नैचिंग की वारदातें लगातार बढ़ती जा रही हैं। ताजा मामला मुहाना थाना क्षेत्र से सामने आया है, जहां घर के बाहर खड़ी एक महिला को बाइक सवार दो बदमाशों ने निशाना बनाते हुए उसका मंगलसूत्र तोड़ लिया और फरार हो गए। पुलिस के अनुसार, रविवार को महिला अपने घर के बाहर खड़ी थी। इसी दौरान बाइक पर सवार दो युवक अचानक उसके पास पहुंचे और झपट्टा मारकर उसका मंगलसूत्र तोड़ लिया। वारदात इतनी तेजी से हुई कि महिला संभल भी नहीं पाई और बदमाश कुछ ही सेकंड में मौके से फरार हो गए। घटना के बाद पीड़िता के पति मोहन ने मुहाना थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई है। मुहाना थाना प्रभारी गुरु भूपेंद्र सिंह ने बताया कि आसपास लगे कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है।

# रीको ने बीते एक साल में 21 नवीन औद्योगिक क्षेत्र खोले

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर**। राजस्थान की अर्थव्यवस्था की गति बढ़ाने एवं राज्य के औद्योगिक परिदृश्य को पूरी तरह बदलने के लिये रीको प्रशासन लगातार प्रयास कर रहा है। रीको ने औद्योगिक विकास के क्षेत्र में लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए वित्तीय वर्ष 2025-26 में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। रीको द्वारा हर वर्ष अपने प्रदर्शन में निरंतर सुधार किया जा रहा है, जो राज्य में औद्योगिक वातावरण को सुदृढ़ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

वित्तीय वर्ष 2024-25 में रीको ने राज्य में 12 नए औद्योगिक क्षेत्र आवंटन के लिए खोले थे, परंतु वर्ष 2025-26 में 21 नवीन औद्योगिक

■ भूखंड आवंटन, विकास कार्य करवाने तथा राजस्व प्राप्ति में भी रचा कीर्तिमान

क्षेत्र खोले हैं, जो औद्योगिक विस्तार के प्रति रीको की प्रतिबद्धता दर्शाता है। इसी प्रकार रीको ने वर्ष 2024-25 में 880 भूखण्डों का आवंटन किया था जबकि वित्तीय वर्ष 2025-26 में 2175 भूखण्डों का आवंटन किया गया है। रीको विकास कार्यों पर व्यय करने में भी पीछे नहीं है। वर्ष 2024-25 में जहां विकास कार्यों के लिए 413 करोड़ रुपये के कार्यादेश दिये थे, वहीं 2025-26 में 1045 करोड़ रुपये के विकास कार्यों के लिए कार्यादेश दिए गए हैं, जो पिछले वर्ष के मुकाबले दोगुने से भी अधिक है।

राजस्व प्राप्ति के मामले में भी रीको ने इस वर्ष उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की है। वर्ष 2024-25 में भूमि के आवंटन से जहां 1513 करोड़ रुपये रीको को प्राप्त हुए, जबकि 2025-26 में रीको को 2526 करोड़ रुपये इस मद में प्राप्त हुए। नए औद्योगिक क्षेत्रों के विकास के लिए वर्ष 2024-25 में जहां 111 करोड़ रुपये की भूमि प्राप्त की गई थी, वहीं 2025-26 में 1611 करोड़ रुपये की भूमि रीको द्वारा विभिन्न सरकारी विभागों से आवंटित कराई गई है।

# हाईकोर्ट ने शराब की दुकान संचालकों पर दर्ज एफआईआर की जानकारी मांगी

**जयपुर** (कासं)। राजस्थान हाईकोर्ट ने जिला आबकारी अधिकारी को साल 2025-26 में आबकारी अधिनियम की अवहेलना करने पर दर्ज कराई गई एफआईआर का विवरण दो सप्ताह में अदालत में पेश करने को कहा है। अदालत ने आबकारी अधिकारी से यह भी बताने को कहा है कि दर्ज कराई गई एफआईआर में से कितने मामलों में आबकारी लाइसेंस रद्द किए गए।

इसके साथ ही अदालत ने जिला आबकारी अधिकारी, जयपुर ग्रामीण की ओर से गत 18 फरवरी को याचिकाकर्ता के लाइसेंस का नवीनीकरण नहीं करने के आदेश पर रोक लगाते हुए उसे आगामी आदेशों तक दुकान का संचालन करने की छूट दी है। जस्टिस गणेश राम मीणा की एकलपीठ ने यह आदेश गोविन्द शर्मा की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए।

याचिका में वरिष्ठ अधिवक्ता आरबी माथुर ने अदालत को बताया कि याचिकाकर्ता को धानक्या में साल 2025 से 2029 तक शराब की दुकान का लाइसेंस जारी किया गया था। जिसका हर साल नवीनीकरण होता है। याचिकाकर्ता के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत आपराधिक मामला दर्ज होने के आधार पर विभाग ने गत 8 अगस्त को उसका

■ अदालत ने कहा कि ''लाइसेंस रद्द करने के मामलों की भी जानकारी दे आबकारी अधिकारी''

लाइसेंस रद्द कर दिया। याचिका में कहा गया कि इस आठ अगस्त के आदेश को हाईकोर्ट में चुनौती देने पर अदालत ने 12 अगस्त को उस पर रोक लगा दी थी। याचिकाकर्ता ने जब साल 2026-27 के नवीनीकरण के लिए आवेदन किया तो विभाग ने 8 अगस्त के आदेश का हवाला देते हुए उसका आवेदन निरस्त कर दिया। इसे चुनौती देते हुए कहा गया कि आठ अगस्त के आदेश पर अदालत ने रोक लगा दी थी। ऐसे में उसके आवेदन को निरस्त करना गलत है। सुनवाई के दौरान जिला आबकारी अधिकारी राजेन्द्र प्रसाद गर्ग अदालत में हाजिर हुए। उन्होंने बताया कि साल 2025-26 में 60 शराब की दुकानों के खिलाफ मामले दर्ज किए गए थे। इसके अलावा लाइसेंस की शर्त के अनुसार लाइसेंस धारक के खिलाफ एफआईआर दर्ज होने पर उसका लाइसेंस रद्द किया जा सकता है। इस पर अदालत ने याचिकाकर्ता को राहत देते हुए विभाग से जानकारी पेश करने को कहा है।

## सिंधी भाषा में संविधान विमोचन के कार्यक्रम में शरीक होंगे देवनानी

**जयपुर**। राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी 10 अप्रैल को सिंधी भाषा दिवस पर नई दिल्ली के उपराष्ट्रपति भवन में भारत के संविधान के सिंधी भाषा में विमोचन समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में भाग लेंगे। केन्द्रीय विधि और न्याय राज्य मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने देवनानी को पत्र लिखकर इस समारोह में विशेष रूप से आमंत्रित किया है। उप राष्ट्रपति सी.पी.राधाकृष्णन ने 10 अप्रैल को प्रातः 10.30 बजे नई दिल्ली के 108, चर्च रोड स्थित वाईस प्रेसीडेंट एनक्लेव में सिंधी भाषा में भारत के संविधान का देवनागरी और फारसी लिपियों में विमोचन किया जाएगा। समारोह का आयोजन विधि एवं न्याय मंत्रालय के विधायी विभाग, राजभाषा खंड, प्रादेशिक इकाई करेगी।

# 20 हजार की घूस लेते रोडवेज का मुख्य प्रबंधक गिरफ्तार

**जयपुर** (कासं)। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने कार्रवाई करते हुए राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम (रोडवेज) दौसा आगार के मुख्य प्रबंधक विश्राम मीणा को बीस हजार रुपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई एसीबी मुख्यालय के निर्देश पर एसीबी चौकी अलवर प्रथम द्वारा की गई।

एसीबी पुलिस महानिदेशक

■ मेडिकल अवकाश स्वीकृत करवाने के एवज में मांगी घूस

पुलिस गोविंद गुप्ता ने बताया कि एसीबी हेल्पलाइन नंबर 1064 पर परिवादी ने शिकायत दर्ज कराई थी कि वह बीमारी के चलते 18 दिसंबर 2025 से मेडिकल अवकाश पर था और 19 जनवरी 2026 को स्वस्थ होने के बाद ड्यूटी जॉइन कर ली थी। उसने अपने मेडिकल से जुड़े सभी दस्तावेज कार्यालय के बाबू (एलडीसी) भगवत जी को जमा करा दिए थे। इसके बाद 25 मार्च 2026 को परिवादी जब मेडिकल अवकाश स्वीकृत करवाने के लिए मुख्य प्रबंधक विश्राम मीणा से मिला तो



आरोपी विश्राम मीणा

उन्होंने इसके एवज में 20 हजार रुपये की रिश्वत की मांग की। शिकायत के सत्यापन के दौरान 2 अप्रैल और 7 अप्रैल 2026 को भी रिश्वत मांग की पुष्टि हुई।

इस पर उप महानिरीक्षक पुलिस अनिल कयाल के सुपरवीजन में एसीबी चौकी अलवर प्रथम के प्रभारी उप अधीक्षक पुलिस शब्बीर खान के नेतृत्व में ट्रैप कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान आरोपी विश्राम मीणा को परिवादी से 20 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा।

# पश्चिम विक्षोभ का असर खत्म, अब 5 दिन शुष्क रहेगा मौसम

**जयपुर**। पश्चिम विक्षोभ के असर से जयपुर सहित प्रदेश के करीब एक दर्जन से अधिक शहरों में मंगलवार देर रात तक बारिश का दौर जारी रहा। बुधवार को भी प्रदेश के आधा दर्जन शहरों में हल्की से मध्यम बारिश दर्ज की गई। प्रदेश में अब पश्चिम विक्षोभ का असर खत्म हो गया। प्रदेश में गुरुवार से आगामी चार-पांच दिन मौसम शुष्क रहने की संभावना है।

मौसम विभाग के अनुसार बुधवार को करौली, कोटपुतली, खैरथल-तिजारा सहित कुछ अन्य शहरों में हल्की से मध्यम बारिश दर्ज की गई। बुधवार को अधिकांश शहरों में मौसम शुष्क रहा और धूप खिली। इससे शहरों के पारे में बढ़ोतरी दर्ज की गई तो रात के पारे में गिरावट दर्ज की गई। 35.2 डिग्री के साथ बाड़मेर का दिन और 23.2 डिग्री के साथ फलौदी की रात सबसे गर्म रही।

मौसम विज्ञान केंद्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि मंगलवार को विक्षोभ के प्रभाव से पूर्वी राजस्थान में अनेक स्थानों पर तथा पश्चिमी राजस्थान में कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश दर्ज की गई। सर्वाधिक बारिश शाहपुरा (जयपुर) में 45.0 मिलीमीटर दर्ज की गई। विक्षोभ के असर से राज्य में तापमान भी सामान्य

■ जयपुर में बुधवार को दिनभर छितराए बादल छाए रहे और धूप खिली

से नीचे दर्ज किये जा रहे है बुधवार दोपहर बाद पश्चिमी विक्षोभ का प्रभाव राज्य के अधिकांश भागों से समाप्त हो गया है। बुधवार को कोटा, भरतपुर संभाग में छुटपुट स्थानों पर हल्की बारिश दर्ज की गई शेष अधिकांश भागों में मौसम मुख्यतः शुष्क रहने की संभावना है। 9 अप्रेल से राज्य में आगामी 4-5 दिन मौसम मुख्यतः शुष्क रहने की प्रबल संभावना है। आंधी बारिश के प्रभाव से राज्य के अधिकांश भागों में वर्तमान में अधिकतम तापमान सामान्य से 2 से 9 डिग्री नीचे दर्ज किया जा रहा है। आगामी 2-3 दिनों में अधिकतम तापमान में 3-4 डिग्री बढ़ोतरी होने की प्रबल संभावना है। जयपुर में मंगलवार देर रात तक बारिश का दौर चला। बुधवार को दिनभर छितराए बादल छाए रहे और धूप खिली। दोपहर बाद काले घने बादल भी नजर आए, लेकिन बरसात नहीं हुई। जयपुर के दिन के तापमान में 0.1 डिग्री की बढ़ोतरी तो वहीं रात के पारे में 4.6 डिग्री की गिरावट दर्ज की गई।

## फर्जी फोन-पे पेमेंट दिखाकर ज्वैलर से सोने की अंगूठी ली

**जयपुर**। राजधानी के सांगानेर थाना क्षेत्र में साइबर ठगी का एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। श्योपुर रोड, प्रताप नगर स्थित सहदेवड़ा ज्वैलर्स में मंगलवार दोपहर एक शातिर बदमाश फर्जी फोन-पे पेमेंट का झांसा देकर करीब 75 हजार रुपए कीमत की सोने की अंगूठी लेकर फरार हो गया। घटना दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है।

थानाधिकारी लिखमाराम ने बताया कि मंगलवार दोपहर करीब साढ़े तीन बजे एक युवक ग्राहक बनकर दुकान पर पहुंचा। आरोपी ने महंगे कपड़े पहन रखे थे और आंखों पर गॉगल लगाया हुआ था, जिससे वह सामान्य ग्राहक जैसा प्रतीत हो रहा था। उसने सोने की एक अंगूठी पसंद की और भुगतान के लिए फोन-पे से ट्रांजैक्शन करने का नाटक किया। आरोपी ने दुकानदार को मोबाइल पर फर्जी पेमेंट स्क्रीन दिखाकर विश्वास में लिया और अंगूठी लेकर बाहर निकल गया। दुकान से निकलते ही वह अपने साथी के साथ कुछ ही सेकंड में फरार हो गया। पीड़ित रामगोपाल सोनी ने बाद में जब उन्होंने अपने बैंक खाते की जांच की तो कोई रकम ट्रांसफर नहीं हुई थी। इसके बाद उन्होंने सांगानेर थाने में मामला दर्ज करवाया।

# हिंगोनिया गौशाला की करोड़ों रु. की सरकारी भूमि से अवैध निर्माण हटाए जे.डी.ए. ने



जेडीए टीम ने बुधवार को आम रास्ते से अवैध निर्माण ध्वस्त किए।

**जयपुर**। जेडीए की प्रवर्तन शाखा द्वारा विभिन्न जोनों में अतिक्रमण हटाने एवं अवैध निर्माणों के विरुद्ध कार्रवाई की गई। उप महानिरीक्षक पुलिस आनंद शर्मा ने बताया कि जोन-24 में स्थित भटेसरी ग्राम सिंदोली बस्सी में हिगोनिया गोशाला की सरकारी भूमि पर बांस-तम्बू, तिरपाल, झुग्गी-झोपडिय़ां, टीनशेडनुमा कमरे एवं अन्य अस्थायी निर्माण हटा कर सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त करवाया गया। जोन-09 में शांति कॉलोनी, सांगानेर में रोड सीमा पर बनाए गए चबूतरों को हटवा कर सड़क सीमा को अतिक्रमण मुक्त करवाया गया। जोन-11 में मुहाना मण्डी के सामने से लक्की ढाबा के सामने तक सड़क सीमाओं पर लगाए गए टीनशेड, ठेलें, थडिय़ां, बांस-तम्बू, तिरपाल, काउंटर, टेबल-कुर्सियां, होर्डिंग एवं साइन बोर्ड को हटाया गया।

## उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने विकास कार्यों पर चर्चा की

**जयपुर**। उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने राज्य सरकार की बजट घोषणाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, विकास कार्यों की गुणवत्ता, पारदर्शिता और समयबद्ध पूर्णता पर विशेष जोर देते हुए विकास कार्यों को तेजी प्रदान करने के निर्देश दिए हैं। उप मुख्यमंत्री बुधवार को पीडब्ल्यूडी मुख्यालय में आयोजित समीक्षा बैठक को संबोधित कर रही थी। इस दौरान विभिन्न योजनाओं की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की गई और यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए कि सभी परियोजनाएं तय समयसीमा के भीतर पूरी हों। उपमुख्यमंत्री ने अधिकारियों को स्पष्ट रूप से कहा कि विकास कार्यों में गुणवत्ता और पारदर्शिता से कोई समझौता न किया जाए और योजनाओं का लाभ आमजन तक समय पर पहुंचे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का मुख्य उद्देश्य विकास कार्यों को तेज गति देना और जनता को समय पर सुविधाएं उपलब्ध कराना है। बैठक में जनसेवा और विकास के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को बनाए रखने पर विशेष बल दिया गया। इस दौरान उन्होंने एनएच, एनएचएआई, सीआरआईएफ, आरएसआरडीसी सहित विभिन्न सड़क एवं अवसंरचनात्मक परियोजनाओं की बिन्दुवार समीक्षा की।

## सार-समाचार

### अतिक्रमण हटाया, 2 घंटे बाद वही हाल

**जयपुर**। लालकोठी सब्जी मंडी के आस-पास सड़कों पर अस्थाई अतिक्रमण हटाने को लेकर निगम के सतर्कता दस्ते ने कार्रवाई की। कार्रवाई के दौरान निगम दस्ते का ज्यादा फोकस चालान पर रहा, जबकि सड़क पर लगी दुकानें और सभी ठेलों को हटाने को लेकर लापरवाही बरती गई। खास बात यह है कि अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के दो घंटे बाद ही सड़क पर फिर से ठेले वालों ने डेरा डाल लिया। नगर निगम की सतर्कता शाखा की टीम ने बुधवार को लालकोठी सब्जी मण्डी, हनुमान वाटिका, केश्यावाला पर हो रहे अतिक्रमणों पर कार्रवाई की। कार्रवाई के दौरान उपायुक्त सतर्कता अजय कुमार शर्मा के नेतृत्व में टीम द्वारा कार्रवाई कर 15 ट्रक सामान जब्त किया गया और 57 हजार रुपए का कैरिंग चार्ज वसूल किया गया। इसके साथ ही फुटपाथ पर अतिक्रमण करने वालों को दुबारा अस्थाई अतिक्रमण न करने की समझाइश भी की गई। इस कार्रवाई के दौरान दस्ते ने पुलिस मुख्यालय से लगती सड़क पर लगे सभी ठेलों को नहीं हटाया तो सड़क पर लगी दुकान का चालान काट कर इतिश्री कर ली। सड़क पर लगी दुकान से इस रोड पर जाम के हालात रहते है। निगम ने इस रोड पर लगे ठेलों को तिरपाल से ढकवा दिया।

### पुलिस कमिश्नर 11 को करेंगे जनसुनवाई



**जयपुर**। आमजन में विश्वास और अपराधियों में भय कायम रखने के उद्देश्य से जयपुर पुलिस कमिश्नर सचिन मित्तल 11 अप्रैल (शनिवार) को पुलिस थाना चौमूं में जनसुनवाई करेंगे। यह जनसुनवाई दोपहर 11:30 बजे से 1:30 बजे तक आयोजित होगी, जिसमें क्षेत्र के परिवादियों की समस्याएं सुनी जाएंगी और मौके पर समाधान का प्रयास किया जाएगा। पुलिस प्रशासन के अनुसार इस जनसुनवाई में चौमू सर्किल के चौमूं, हरमाड़ा, विश्वकर्मा और दौलतपुरा थाना क्षेत्रों से जुड़े परिवादियों की शिकायतों पर सुनवाई की जाएगी। इसका मुख्य उद्देश्य आमजन की समस्याओं का त्वरित निस्तारण कर उन्हें राहत प्रदान करना है। गौरतलब है कि इससे पहले भी पुलिस कमिश्नर सचिन मित्तल द्वारा एसीपी कार्यालय झोटवाड़ा, सामुदायिक भवन सांगानेर, पुलिस थाना शिप्रापथ, विद्याधर नगर, भांकरोटा, बस्सी और शिवदासपुरा थानों में जनसुनवाई कर लोगों की समस्याओं का मौके पर समाधान किया जा चुका है। पुलिस प्रशासन ने संबंधित क्षेत्रों के नागरिकों से अपील की है कि वे अपनी समस्याओं के समाधान के लिए निर्धारित समय पर उपस्थित होकर जनसुनवाई का लाभ उठाएं।

### अष्टम पोषण पखवाड़ा आज से शुरू होगा

**जयपुर**। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय की ओर से प्रति वर्ष सभी लाइन विभागों, सेवा प्रदाताओं, सहयोगी संस्थाओं के साथ समन्वय से पोषण पखवाड़ा मनाया जाता है। जिससे समग्र रूप से पोषण संबंधी परिणामों में सुधार किया जा सके। आई सी डी एस निदेशालय की अतिरिक्त निदेशक अनुपमा टेलर ने बताया कि अष्टम पोषण पखवाड़ा-2026 देशभर में 9 से 23 अप्रैल 2026 तक मनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस वर्ष थीम ''जीवन के प्रथम 6 वर्षों में अधिकतम मस्तिष्क विकास'' रखी गई है। शासन सचिव पूनम ने इस संबंध में सभी कलेक्टर एवं निदेशक समेकित बाल विकास सेवाएं राजस्थान श्री ाासुदेव मालावत ने सभी उपनिदेशक महिला एवं बाल विकास विभाग व बाल विकास परियोजना अधिकारी को पत्र लिखकर पोषण पखवाड़े के सफलतापूर्वक आयोजित के निर्देश दिए हैं। इसके लिए विभिन्न विभागों से अभिसरण कर गतिविधि कलेण्डर के अनुसार गतिविधियाँ आयोजित करने तथा जन आंदोलन डैशबोर्ड पर प्रतिदिन की प्रविष्टियां दर्ज करने को कहा गया है।

### मादक पदार्थ के साथ तस्कर गिरफ्तार

**जयपुर**। जवाहर सर्किल थाना पुलिस ने एमडी तस्करी करने के आरोप में शातिर तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से अवैध मादक पदार्थ एमडीएमए जब्त कर गिरफ्तार अभियुक्त से गिरोह में शामिल व खरीद -फरोख्त करने वालों के बारे मे जानकारी जुटाने शुरु कर दिया है। एएसआई गोपाल लाल ने बताया कि गश्त के दौरान जगतपुरा इलाके में एक युवक प्लास्टिक की पारदर्शी पॉलीथीन में लेकर खड़ा हुआ था। चैकिंग करने पर पॉलीथीन में सफेद रंग का दानेदार एकडीएमए बरामद हुई। पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ एमडीएमए सहित आरोपी योगेंद्र सिंह (22) पुत्र रघुवीर सिंह आरकेनपुरम ,सीतापुरा ,सांगानेर निवासी को दबोच लिया। पुलिस गिरफ्तार अभियुक्त से अवैध मादक पदार्थ खरीद-फरोख्त करने वालों के बारे में गहनता से पूछताछ करने में जुटी है। मामले की अग्रीम कार्यवाही मालवीय नगर थानाधिकारी विरेंद्र सिंह के सुपुर्द की गई है।

### वीरांगना को मिली अनुकम्पा नियुक्ति

**जयपुर**। जयपुर जिला प्रशासन ने स्वर्गीय सैनिक मदन लाल की धर्मपत्नी सुमन देवी को कनिष्ठ सहायक के पद पर नियुक्ति प्रदान की है। सीकर जिले की परडोली छोटी (तहसील सीकर ग्रामीण) निवासी सुमन देवी को जयपुर कलेक्टर कार्यालय में पदस्थापित किया गया है। नियुक्ति आदेश जारी होने के पश्चात उन्होंने कलेक्ट्रेट पहुंचकर अपना कार्यभार ग्रहण कर लिया है। कलक्टर संदेश नायक ने कहा, ''शहीद सैनिकों का बलिदान राष्ट्र की सर्वोच्च धरोहर है। उनके परिजनों का सम्मानजनक पुनर्वास राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।''

### पटवारी विक्रम बुनकर निलम्बित

**जयपुर**। भ्रष्टाचार के मामले में दोष सिद्ध होने पर कलक्टर संदेश नायक ने सख्त कार्रवाई करते हुए तत्कालीन पटवारी विक्रम बुनकर को राजस्थान अधीनस्थ सेवा से निलम्बित करने के आदेश जारी किए है। कलक्टर के आदेश में कहा गया कि, पटवारी विक्रम बुनकर झर, तहसील बस्सी को 14 मार्च को रिश्वत राशि लेते हुये एसीबी ने रंगे हाथों गिरफ्तार किया था। ऐसे में निलम्बन काल में विक्रम का मुख्यालय शाहपुरा तहसील रखा गया है।

### 'ग्लैम ऑफ़ बॉलीवुड' पोस्टर का विमोचन

**जयपुर**। विधान सभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने बुधवार को यहां राजस्थान विधान सभा में ग्लैम ऑफ बॉलीवुड पोस्टर का लोकार्पण किया। राजस्थान की समृद्ध भाषा, मिट्टी, परिधान और सांस्कृतिक विरासत को नए अंदाज़ में प्रस्तुत करने के उद्देश्य से ग्लैम ऑफ बॉलीवुड शो जल्द ही दर्शकों के सामने आने वाला है। इस शो के माध्यम से पारंपरिक राजस्थानी कल्चर को ग्लैमरस मंच दिया जाएगा। पोस्टर विमोचन के अवसर पर फिल्म प्रोड्यूसर डॉ. भावना शर्मा ने विधानसभा स्पीकर वासुदेव देवनानी को इस पहल के बारे में जानकारी दी। इस दौरान शो के विज़न और राजस्थान की संस्कृति को व्यापक स्तर पर बढ़ावा देने के प्रयासों पर भी सार्थक चर्चा हुई।

# जवाहर कला केन्द्र के स्थापना दिवस पर बाल कलाकारों की मनोरम प्रस्तुतियां

**जयपुर**। जवाहर कला केन्द्र के 33 वें स्थापना दिवस पर आयोजित तीन दिवसीय समारोह के पहले दिन बुधवार को गुरु शिष्य परंपरा के अंतर्गत शिक्षा पा रहे प्रदेश के विभिन्न अंचलों के बाल लोक कलाकारों ने मनोरम प्रस्तुतिया देकर दर्शकों को को मन्त्रमुग्ध कर दिया।

कला एवं संस्कृति विभाग की संयुक्त सचिव एवं जवाहर कला केन्द्र की अतिरिक्त महानिदेशक अनुराधा गोगीया ने बताया कि उक्त तीन दिवसीय समारोह के पहले दिन बुधवार को रंगायन सभागार में पहली बार एक नवाचार के रूप बाल लोक कलाकारों द्वारा किये गाये कला प्रदर्शन किया को आगन्तुक दर्शकों ने सराहा। शुभारम्भ समारोह में बाल लोक कलाकारों द्वारा पूरे उमंग उत्साह से दी गई प्रस्तुतियों को दर्शकों ने पूर्ण रूचि के साथ देखी। दर्शकों ने बाल कलाकारों का करतल ध्वनि से उत्साह वर्धन किया। बाल लोक कलाकारों ने डांडी गैर, शेखावाटी चंग, पारंपरिक मांगलिक गीत एवं पारंपरिक नृत्य की विभिन्न प्रस्तुतियां दी।

लंगा समूह की प्रस्तुति में सादिक खान लंगा एवं उनके दल ने अपनी सुमधुर गायकी से वातावरण को सुरमयी बना दिया। उन्होंने गजानंद



जी आवो से अपनी प्रस्तुति की शुरुआत की, जिसके पश्चात चैरा री माखी, चरखो, जीवडो तथा धोरा वालो देश जैसे लोकगीत प्रस्तुत किए। उनकी प्रस्तुति ने श्रोताओं को राजस्थान की मरु-संस्कृति से भावनात्मक रूप से जोड़ दिया।

इसके उपरांत राजस्थान के पारंपरिक मांगलिक चरी नृत्य की आकर्षक प्रस्तुति हुई। कृष्णा मालीकर एवं उनके समूह के बाल कलाकारों ने सिर पर जलती चरी (मटकी) रखकर अत्यंत संतुलन और सौंदर्य के साथ नृत्य प्रस्तुत किया, जिसने दर्शकों की भरपूर सराहना प्राप्त की। इस मौके पर शेखावाटी क्षेत्र का प्रसिद्ध चंग नृत्य प्रस्तुत किया गया। बनवारी एवं उनके समूह के बाल कलाकारों ने चंग और ढप की थाप पर बांसुरी की मधुर धुन के साथ उत्साहपूर्ण प्रस्तुति दी। इस नृत्य में ऊर्जा, तालमेल और लोक रंग की जीवंतता स्पष्ट रूप से देखने को मिली।

उद्घाटन दिवस की अंतिम प्रस्तुति बालोतरा के दिनेश एवं उनके समूह द्वारा दी गई, जिसने कार्यक्रम को एक भव्य समापन प्रदान किया। ढोल-थाली की मधुर ध्वनि पर आधारित इस प्रस्तुति में प्रारंभ में घेरा, तत्पश्चात सठिया की सधी हुई लय और अंत में मनमोहक मारवाड़ी घूमर ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया। कार्यक्रम के दौरान बाल कलाकारों की प्रतिभा, उनकी ऊर्जा और लोक परंपराओं के प्रति उनकी समझ ने यह स्पष्ट किया कि युवा पीढ़ी के माध्यम से सांस्कृतिक विरासत को सशक्त रूप से आगे बढ़ाया जा रहा है।

# तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से ऑटो रिक्शा चालक की मौत

**जयपुर**। ट्रांसपोर्ट नगर थाना इलाके में अज्ञात वाहन कि चपेट में आने से ऑटो चालक की उपचार दौरान मौत हो गई। मेडिकल इत्तला पर अस्पताल पहुंची पुलिस ने मृतक के भतीजे की शिकायत पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने और हादसे के बाद फरार होने का मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरु कर दी है।

दुर्घटना थाना पूर्व के हेड कांस्टेबल दिलीप सिंह ने बताया कि मृतक भतीजे कुलदीप सिंह सुमेर रोड स्थित ज्योति नगर ,जामडोली निवासी कुलदीप सिंह ने मामला दर्ज कराया है कि उसके चाचा बलबीर सिंह पुत्र रतन सिंह ऑटो से जामडोली मार्ग होते हुए मच्छी दरवाजा,नाहरसिंह बाबा मंदिर के पास से जा रहे थे। तभी तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उन्हे पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वो गंभीर रुप से घायल हो गए। राहगीरों ने एम्बुलेंस की सहायता से उन्हे सवाई मानसिंह अस्पताल भिजवाया। जहां पर उपचार दौरान ट्रोमा इमरजेंसी में उनकी मौत हो गई। पुलिस ने पीड़ित भतीजे की शिकायत पर वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया।

## 4 दिन बाद भी मेडिकल रिपोर्ट नहीं

**जयपुर**। नारायण विहार क्षेत्र के वंदेमातरम रोड स्थित सांवरिया फिलिंग स्टेशन पर 4 अप्रैल को हुए हमले में पंप मालिक सोहनलाल चौधरी और दो कर्मचारियों को गंभीर चोटें आईं, लेकिन चार दिन बाद भी मेडिकल रिपोर्ट नहीं आने से पुलिस कार्रवाई अटकी हुई है। हमले में सोहनलाल के सिर पर 7 और कर्मचारी माहिर के सिर पर 14 टांके आए, जबकि संतोष कुमार को हल्की चोटें आईं। आरोपियों ने मारपीट के दौरान 43 हजार रुपए भी छीन लिए। घटना के बाद रिपोर्ट दर्ज कर ली गई, लेकिन मेडिकल रिपोर्ट के अभाव में पुलिस ने सामान्य मारपीट व चोरी की धाराओं में केस दर्ज किया। पूरी वारदात सीसीटीवी कैमरों में कैद है। जानकारी के अनुसार, कार सवार युवकों ने प्लास्टिक बोतल में पेट्रोल भरने की मांग की, जिसे नियमों के चलते मना करने पर विवाद हुआ।